दिन– गुरुवार दिनांक– 24/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर मधुबनी में तेरह हजार चार सौ अस्सी करोड़ रूपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।
02. प्रधानमंत्री पटना से जयनगर के बीच देश की दूसरी नमो भारत रैपिड ट्रेन समेत चार रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।
03. पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाये। सिंधु जल समझौता रोका। अटारी एकीकृत सीमा चौकी तत्काल प्रभाव से बंद की।
04. और, प्रदेश का अधिकतर हिस्सा भीषण गर्मी और लू की चपेट में। पटना जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे मधुबनी के झंझारपुर के बिदेश्वर स्थान से देश की सभी ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री तेरह हजार चार सौ अस्सी करोड़ रूपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास भी करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित भी करेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस सरकार की पूरी भागीदारी के साथ प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है।

–––बाईट–––

हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रधानमंत्री मधुबनी से वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से चार रेलगाडियों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे तथा तीन रेल लाइनों और दो रेल पुलों का उद्‌घाटन करेंगे।

–––बाईट–––

कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय पंचायती राजमंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मधुबनी में विशेष श्रेणी राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दो हजार पच्चीस प्रदान करेंगे। इसके तहत वे समस्तीपुर जिले के रोसड़ा प्रखंड की मोतीपुर ग्राम पंचायत को सम्मानित करेंगे। इस पंचायत को क्लाईमेट एक्शन विशेष पंचायत श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

---

प्रधानमंत्री के बिहार दौरे को देखते हुये सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। जम्मू–कश्मीर में आतंकी हमले के बाद उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर राज्यभर में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि सभी जिलों में पुलिस को तलाशी अभियान तेज करने और अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये गये हैं। नेपाल से सटे सीमा क्षेत्र में विशेष चौकसी बरती जा रही है।

---

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाये हैं। कल शाम प्रधानमंत्री के आवास पर सुरक्षा को लेकर हुई मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गयी और सभी सुरक्षा बलों को कडी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गये। पाकिस्तान के साथ उन्नीस सौ साठ का सिंधु जल समझौता रोक दिया गया है और तत्काल प्रभाव से अटारी एकीकृत सीमा चौकी बंद कर दी गयी है। बैठक के बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने संवाददाताओं को बताया कि सार्क वीजा छूट योजना के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत आने की अनुमति नहीं मिलेगी। उन्हें पहले से जारी वीज़ा रद्द माने जाएंगे। इस वीज़ा के तहत भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ना होगा। और ब्यौरा हमारी संवाददाता प्रियंका अरोड़ा से–

–––बाईट–––

---

केन्द्र सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार बैठक शाम छह बजे संसद भवन परिसर में होगी। उम्मीद है इस बैठक के दौरान सभी राजनीतिक दलों को आतंकी हमले के बारे में जानकारी दी जायेगी।

---

जम्मू–कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को दस–दस लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गंभीर रूप से घायलों को दो लाख रुपए, वहीं मामूली घायलों को एक लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

---

प्रदेश का अधिकतर हिस्सा भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार औसत अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, शिवहर और गोपालगंज जिले में लू की चेतावनी जारी की है। वहीं, सीतामढ़ी, मधुबनी, वैशाली, बक्सर, रोहतास, पटना और गया समेत राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिणी हिस्सों में गर्म दिवस का अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

पटना जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी को देखते हुये सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। अब विद्यालयों में पूर्वाह्न ग्यारह बजकर पैंतालीस तक ही शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जा सकेगा। यह आदेश सभी प्री–स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी प्रभावी होगा। नई व्यवस्था आज से तीस अप्रैल तक लागू रहेगी।

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की आज पटना में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित इस बैठक में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी समेत वाम दलों के नेता शामिल होंगे।

---

धनशोधन मामले में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव समेत तैंतीस आरोपियों के खिलाफ पटना स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत ने संज्ञान लिया है। अदालत अब ईडी के आरोप पत्र के आधार पर इन सभी के खिलाफ सुनवाई शुरू करेगी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ लिये गये कड़े फैसले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक दिया है– पाकिस्तान पर जल प्रहार की तैयारी। सिंधु जल समझौता स्थगित।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– भारत का जवाब, अटारी वाघा बॉर्डर बंद, पाक नागरिकों को अड़तालीस घंटे में भारत छोड़ना होगा।

प्रभात खबर ने लिखा है– पीएम आज झंझारपुर से देश को तेरह हजार चार सौ अस्सी करोड़ की देंगे सौगात। बिहार में हाई अलर्ट।

दैनिक जागरण ने भारतीय वायु सेना के एयरोबैटिक एयर शो की खबर को सचित्र प्रकाशित करते हुये लिखा है– सूर्यकिरण का रोमांच। पटना में हॉक– एक सौ बत्तीस विमानों ने दिखाए शानदार करतब।

राष्ट्रीय सहारा की बड़ी खबर है– बीपीएससी सत्तरवीं मेंस पर रोक से सुप्रीम इंकार। कल होगी परीक्षा। आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर मधुबनी में तेरह हजार चार सौ अस्सी करोड़ रूपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।
02. प्रधानमंत्री पटना से जयनगर के बीच देश की दूसरी नमो भारत रैपिड ट्रेन समेत चार रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।
03. पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाये। सिंधु जल समझौता रोका। अटारी एकीकृत सीमा चौकी तत्काल प्रभाव से बंद की।
04. और, प्रदेश का अधिकतर हिस्सा भीषण गर्मी और लू की चपेट में। पटना जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।